आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 28.11.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- केंद्र ने उत्तराखंड में विकास परियोजनाओं और पूंजीगत निवेश को बढ़ावा देने के लिए विशेष सहायता योजना के तहत 167 करोड़ रुपये स्वीकृत किए।
- राज्यपाल ने कहा– गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय नई तकनीकों और शोध के माध्यम से किसानों को सशक्त बना रहा है।
- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के 99वें फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित करेंगे।
- राज्य में इस वर्ष के अंत तक पूंजीगत व्यय को सात हज़ार करोड़ रुपए करने का लक्ष्य।

धनराशि स्वीकृत

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने विशेष सहायता योजना के तहत उत्तराखंड के लिए 167 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि राज्य में विकास परियोजनाओं और पूंजीगत निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्रालय का आभार व्यक्त किया है। श्री धामी ने कहा कि यह वित्तीय सहायता राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, विकास परियोजनाओं को गति देने और राज्य के समग्र विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

दीक्षांत समारोह

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कृषि क्षेत्र में पंतनगर विश्वविद्यालय के योगदानों की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान नई तकनीकों और शोध के माध्यम से किसानों को सशक्त बना रहा है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के 36वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने हनी, अरोमा और मिलेट को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से किसानों के जीवन को बेहतर बनाने, सतत विकास को प्रोत्साहन देने और भारत को वैश्विक मंच पर अग्रणी बनाने के लिए काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने उत्तीर्ण छात्रों को डिग्री और मेडल प्रदान किए। कार्यक्रम में देश के सीडीएस जनरल अनिल चौहान और पद्मश्री प्रेम चंद्र शर्मा को विज्ञान वारिधि की मानद उपाधि से सम्मानित भी किया गया।

संबोधन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीर्थ स्थलों के विकास और कल्याण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। इससे देश में बड़े बदलाव हुए हैं। श्री धामी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अयोजित कुंभ कॉन्क्लेव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कुंभ कॉन्क्लेव भारतीय सनातन संस्कृति, सभ्यता और आध्यात्मिकता के मूल्यों को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का एक प्रभावशाली मंच है। श्री धामी ने कहा कि भारत की संकृति वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर आधारित है और कुंभ का आयोजन इसी विचारधारा का प्रतीक है, जहाँ देश–विदेश से लाखों लोग बिना किसी भेदभाव के संगम में डुबकी लगाकर आत्मिक शांति प्राप्त करते हैं।

आयोजन

देहरादून में आगामी 12 से 15 दिसम्बर तक वर्ल्ड आयुर्वेद कांग्रेस एवं आरोग्य एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इस आयोजन में विभिन्न कार्यों के लिए तत्काल नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य योगदान देने वाले सभी विभागों और केंद्रीय आयुष मंत्रालय के साथ प्रभावी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं।
मुख्य सचिव ने दुनियाभर से आने वाले विदेशी अतिथियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही प्रोटोकोल व सम्पर्क अधिकारियों की सूची को अन्तिम रूप देने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही नगर निगम को शहर व आयोजन स्थलों पर स्वच्छता पर विशेष रूप से कार्य करने तथा अन्य सम्बन्धित विभागों को पार्किंग, बिजली और जल की आपूर्ति के व्यवस्थित रखने को कहा है।

गृह मंत्री उत्तराखंड दौरा

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज उत्तराखंड दौरे पर पहुंच रहे हैं। वे मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के 99वें फाउंडेशन कोर्स के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। गृह मंत्री के दौरे के मद्देनज़र सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गए हैं।

समीक्षा

अपर मुख्य सचिव, वित्त, आनन्द बर्द्धन ने सचिवालय में पूंजीगत व्यय की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूंजीगत परिव्यय की बढोतरी, पूंजी निवेश की स्थिति के लिए विशेष सहायता और बजट भाषण में निर्दिष्ट संतृप्तता बिन्दुओं पर विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई।

इस दौरान श्री बर्द्धन ने पूंजीगत विकास के लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से प्राप्त किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत बढोतरी के साथ समयबद्ध व्यय किये जाने पर केंद्र सरकार प्रोत्साहन राशि देती है। पिछले साल अच्छी पूंजीगत प्रगति के चलते राज्य को 206 करोड़ रुपए प्रोत्साहन के रूप में मिले थे। इसी क्रम में दिसम्बर तक अपेक्षित प्रगति करने पर इंसेंटिव प्राप्त किये जाने की आशा है। इसके लिए अपर मुख्य सचिव ने सभी विभागों के अधिकारियों को शीर्ष प्राथमिकता के साथ लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिए हैं।
समीक्षा में स्पष्ट हुआ कि इस वर्ष अब तक लगभग चार हजार 415 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय हुआ है। आगामी दिसम्बर महीने तक इसे बढ़ाकर सात हज़ार करोड़ रुपए करने का लक्ष्य रखा गया है।

शुरुआत

बाल विवाह को रोकने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत शीर्षक राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत की है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कल नई दिल्ली में इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सरकार ने 130 जिलों की पहचान की है, जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है।

शिविर आयोजन

चमोली जिले के सारकोट को मुख्यमंत्री आदर्श ग्राम बनाने के लिए विकास खण्ड गैरसैण में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में उद्योग विभाग द्वारा स्वरोजगार शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने गांव के लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और योजनाओं के लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। शिविर में 120 से अधिक ग्रामवासियों ने हिस्सा लिया।

मेला समापन

दिल्ली के भारत मंडपम में 43वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला—आईआईटीएफ का कल समापन हो गया। 14 दिनों तक चले इस मेले में देश के अधिकतर राज्यों के अलावा चीन, मिस्र, ईरान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात समेत कई देशों के 3 हज़ार से ज्यादा प्रदर्शकों ने हिस्सा लिया। मेले के अन्तिम दिन कई स्टॉल पर उत्पादों पर भारी छूट दी गई, जिसका आगन्तुकों ने भरपूर फ़ायदा उठाया।

<u>लिखित परीक्षा तिथि</u>

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के तत्वावधान में उत्तराखंड पुलिस दूरसंचार विभाग में पुलिस उपाधीक्षक पद के लिए लिखित परीक्षा 18 दिसंबर को आयोजित होगी। यह परीक्षा परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में संपन्न होगी। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि इस परीक्षा के लिए औपबन्धिक रुप से योग्य अभ्यर्थी तीन दिसंबर से आयोग की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को डाक और अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किए जाएंगे।

एक नजर समाचार पत्रों की सुर्खियों पर

आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को विभिन्न समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखता है—आरक्षण लाभ को मतांतरण संविधान से धोखाधड़ी। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट ने ईसाई बन चुकी महिला के पुनः हिंदू धर्म अपनाने के दावे पर सुनाया। नवोदय टाइम्स सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखता है आरक्षण के लिए धर्मांतरण करना संविधान से धोखा।

सर्वोच्च न्यायालय के अन्य मामले में सुनवाई के दौरान की गई टिप्पणी पर अमर उजाला लिखता है—राजनेताओं के खिलाफ दर्ज हर मामला दुर्भावनापूर्ण नहीं होता, नगदी के बदले नौकरी मामले में पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी की।

जिम कार्बेट पार्क में बस संचालन के मामले में शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी को हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। समाचार पत्र सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखता है—जानवर ही नहीं, इंसानों के बारे में भी सोचें। अमर उजाला की ख़बर है— सुप्रीम कोर्ट ने कहा जिम कार्बेट के मुख्य क्षेत्र में निजी बस संचालन में संतुलित दृष्टिकोण अपनाएं।

अमर उजाला ने राष्ट्रीय शीतकालीन खेलों की मेज़बानी उत्तराखंड को मिलने पर लिखा है— राष्ट्रीय शीतकालीन खेल औरली में 29 जनवरी से होंगे, भारतीय ओलंपिक संघ ने उत्तराखंड को दी मेजबानी। एक अन्य ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत के हवाले से लिखता है— एलटी संवर्ग में पन्द्रह सौ पदों पर जल्द होगी नियुक्ति।

राजधानी देहरादून में पुलिस विभाग के एक फैसले पर अमर उजाला का शीर्षक है— पुलिस की सख्ती बढी, रातभर नहीं रहेगी चहल—पहल, सुरक्षा होगी कड़ी, रात बारह बजे तक ही डिलीवरी बॉय को खाना देंगे रेस्टोरेंट, एसएसपी ने दिए निर्देश।